# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
## राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667


परिपत्र संख्या : 79/ 2020
*दिनांक : 24 जून, 2020*

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

## विषय :– रक्तदान शिविर विषयक।

महोदय/महोदया,

विभिन्न स्तरों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने हेतु निदेशक, ब्लड बैंक, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, नई दिल्ली से प्राप्त एक आग्रह पत्र इस परिपत्र के साथ संलग्न है। इस सन्दर्भ में आपसे अनुरोध है कि आप रक्तदान शिविर आयोजित कर ऐसे लोगों की मदद करें जिन्हें रक्त की आवश्यकता है।

आप निम्नलिखित में से किसी या सभी तरीकों से मानव जाति की सेवा करने के लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की मदद कर सकते है।

- अपने स्थानों जैसे कि राज्य मुख्यालयों/जिला मुख्यालयों/इकाई स्तर पर रक्तदान शिविर आयोजित करें।
- 18 से 65 वर्ष के बीच के अपने स्वस्थ एवं योग्य सदस्यों को रक्तदान शिविर या ब्लड बैंक में रक्तदान करने हेतु प्रेरित करें।
- अपने सदस्यों से लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करने के लिए कहें।

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी हमें रक्तदान शिविरों का आयोजन करने में मदद करती है और वे रक्तदान शिविरों के दौरान सभी सुरक्षा सावधानियों जैसे कि सामाजिक दूरी बनाना, सोफे की नियमित सफाई, थर्मल स्कैनर का उपयोग, रक्तदानकर्ता द्वारा मास्क, दस्ताने, हैडकवर एवं जूता कवर पहनने का पालन करते है एवं साथ ही सभी प्रकार की व्यवस्थाएं भी करते है जैसे– स्थल पर सुसज्जित और सेनिटाइज्ड रक्त संग्रह बस भेजेंगे यह प्रक्रिया किसी भी व्यक्ति को किसी भी बीमारी के जोखिम में नहीं डालती है।

आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु संपर्क विवरण संलग्न है। आपसे निवेदन है कि इस सम्बन्ध में जरुरतमंदों की मदद करने हेतु इस संकट के समय में हाथ मिलाएं।

राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली को सूचित करते हुए रक्तदान शिविर की तिथि शीघ्र निर्धारित करने की कृपा करें।

धन्यवाद,

**भवदीय**

**(राज कुमार कौशिक)**
**निदेशक**

**प्रतिलिपि** :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।